प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महराजगंज में 208 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया शुभारंभ : कहा– राष्ट्र हित की भावना के साथ करें बिजली और ईंधन की बचत।
2. 21 जून को दोबारा होगी नीट–यूजी 2026 की परीक्षा : विद्यार्थियों को अपनी पसंद के शहर में मिलेगा सेंटर : अगले वर्ष से ऑनलाइन होगी परीक्षा।
3. पेट्रोल और डीजल 3 रुपये महंगा : प्रदेश में अब 95 से 97 रुपये पेट्रोल और 88 से 91 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा डीजल।

और

4. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स का चेन्नई सुपर किंग्स से मुकाबला : मैच खत्म होने तक लागू किया गया ट्रैफिक डायवर्जन।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज में 208 करोड़ रुपए से अधिक की 79 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, टूलकिट और आवास की चाबियां भी प्रदान कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 9 वर्षों में तेज़ी से हुए विकास के चलते आज उत्तर प्रदेश देश के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। पश्चिम एशिया संकट का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों से प्रधानमंत्री की अपील का पालन करते हुए बिजली व ईंधन को बचत करने और छोटे–छोटे प्रयासों से देश को मजबूती देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नेशन फर्स्ट की भावना के साथ हर नागरिक को देशहित में सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए। बाइट.....

*ईंधन से जुड़े हुए मामले हो, खाद्यान्न से जुड़े हुए मामले हो, फर्टिलाइजर से जुड़ा हुआ मामला हो या फिर मैं सभी सराफा व्यवसायों से भी अपील करूंगा। प्रधानमंत्री जी ने जो बात कही है कि विदेश से सोना मंगाने की बजाय हमारे घरों में जो सोना है, उसी की मरम्मत कराना। हम सब अगर उस दिशा में कार्य करेंगे, देश का पैसा बचाना है। इस वैश्विक संकट से हम अपने देश को उभारने का काम करेंगे।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्रीने कहा कि समाज को दिशा देने में प्रबुद्ध जन कीभूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि प्रदेश में डबलइंजन की सरकार विकास को गति देने के साथ ही बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार की गारंटी देने का काम कर रही है। बाइट.....

*आज स्वास्थ्य की सुविधा है, इनसे प्लाइटिस पूरी तरह समाप्त। नौजवान के लिए पढ़ाई की अच्छी व्यवस्था है, उसके रोजगार की गारंटी है, नौकरी की गारंटी है, बेटी की सुरक्षा की गारंटी भी है, विकास की भी गारंटी*

*है, प्रबुद्ध जनों से मेरी यही अपील है, इसको चर्चा परिचर्चा का विषय बनाना चाहिए।*

—————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट–यूजी 2026 परीक्षा दोबारा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता हैं और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। श्री प्रधान ने बताया कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अगले वर्ष से ऑनलाइन यानी सीबीटी माध्यम से होगी। बाइट.....

*परीक्षा में थोड़ा हमको जो उनकी फोर्मलटीज है। ओएमआर सीट को दस्तखत करना, आरंभ में करना, अंत में भी एक बार करना उसमें हमारे विद्यार्थियों के कोर टाइम में कटौती हुई थी। दोसे पांच एग्जामिनेशन टाइम था। उसको ध्यान में रखते हुए एनटीए ने तुरंत निस्पदित किया है। उसको और 15 मिनट बढ़ाए। दो से शुरू होगा और पांच–पंद्रह तक ये परीक्षा का समय बढ़ाया जाएगा। इस बारका एडमिट कार्ड 14 जून तकसभी को पहुंच जाएगा।*

शिक्षा मंत्री ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनीपसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा। बाइट.....

*जो एग्जामिनेशन हो गई उस एग्जामिनेशन की फीस को हम स्टूडेंट को रिटर्न करेंगे और जो आगे वाला परीक्षा होगा उसकी जीरो फीस होगा। हम विद्यार्थियों के ऊपर कोई आर्थिक बोझ ना आए हम उसकी दायित्व ले रहे हैं। लेकिन प्रथम दृष्टि में जो एनटीए ने तय किया है कि हम एक सप्ताह*

*विद्यार्थियों को अवसर देंगे वो किस शहर में परीक्षा देना चाहते हैं ये उनपे खुला रहेगा।*

——————————

**दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की है। राज्य के प्रमुख शहरों में अब पेट्रोल की कीमत औसतन 95 से 97 रुपये प्रति लीटर और डीजल की दरें लगभग 88 से 91 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जहां कई देशों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 20 प्रतिशत से लगभग सौ प्रतिशत तक वृद्धि की गई है, तब भारत ने पेट्रोल के दाम में केवल तीन दशमलव दो प्रतिशत और डीजल के लिए तीन दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि की है। श्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जन–कल्याण के साथ आर्थिक स्थिरता को संतुलित कर रहा है।**

——————————

**प्रदेश में तेज आंधी–तूफान, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं से हुई जन–धन की हानि को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट......**

*मुख्यमंत्री ने आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को चार–चार लाख रुपये की राहत राशि तत्काल वितरित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पशुहानि से प्रभावित लोगों को भी नियम के अनुसार सहायता प्रदान करने के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने और हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राहत आयुक्त कार्यालय के कंट्रोल रूम को चौबीसों घंटे सक्रिय रखते हुए राहत और सहायता कार्यों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश भी दिए है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार प्रदेश के 26 जनपदों में खराब मौसम के कारण 111 लोगों की मृत्यु हुई है, जबकि 72 लोग घायल हुए हैं। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

मेरठ से प्रयागराज तक जाने वाले गंगा एक्सप्रेस–वे पर आजसे बिना टोल शुल्क के यात्रा की सुविधा खत्म हो गई है। कल रात 12 बजे से इस एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अप्रैल को गंगा एक्सप्रेस–वे का उद्घाटन किया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क मार्ग

पर 15 दिनों के लिए बिना टोलटैक्स के यात्रा करने की सुविधा दी थी।

---

अयोध्या में श्री रामजन्म भूमि मंदिर परिसर में 29 मई को माता भगवती मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होगा। यह ध्वजारोहण राम मंदिर आंदोलन से जुड़ी रहीं साध्वी रितंभरा के हाथों किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां तेज़ कर दी गई हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाले इस कार्यक्रम में करीब दो हजार महिलाओं को आमंत्रित किया जाएगा।

---

आईपीएल में आज लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से हो रहा है। मैच को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। यातायात को सुचारू रखने के लिए इकाना स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है।

---

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के लखनऊ कार्यालय में आज एक दिवसीय समीक्षा शिविर का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उपक्षेत्रीय कार्यालय गोण्डा, कानपुर, झांसी, फतेहपुर और लखनऊ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। राज्य राजधानी क्षेत्रोय

**कार्यालय लखनऊ की उपमहानिदेशक डॉ. सुचिता गुप्ता ने बताया कि पारिवारिक आय के सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, जो अगले साल 31 मार्च 2027 तक चलेगा। इस सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों को सरकारी नीतियों और योजनाओं को बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा। बाइट.....**

*यह सर्वेक्षण जरूरी था क्योंकि योजनाओं को बनाने में कहीं ना कहीं हमें इनकम की जरूरत होती है और अगर हमें इनकम सही से मिल रही है तभी हम बहुत सारी योजनाओं में हम टारगेट बना पाएंगे क्योंकि हर इनकम क्लास के जो लोग होते हैं, उनकी जरूरतें अलग–अलग तरह की होती है तो सभी के लिए योजनाएं बन पाए अच्छी तरह से और टारगेट किया जा सके किस तरह की योजनाएं कितने लोगों को चाहिए होंगी, कितने हाउसहोल्ड को चाहिए होंगे, तभी हमारा डाटा सही मायने में यूजफुल होगा।*

———————

**कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज कानपुर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय में आयोजित संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का उद्घाटन किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए श्री शाही ने कहा कि खरीफ का मौसम शुरु होने वाला है जिसका ध्यान रखते हुए प्रदेश सरकार की प्राथमिकता किसानों को उन्नतशील बीज उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि खेतों में हरी खाद बढ़ाने और रासायनिक खाद के कम प्रयोग का प्रयास किया जा रहा है।**

———————

**अम्बेडकरनगर में आज सभी 899 ग्राम पंचायतों ने एक साथ ग्रीन चौपाल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में**

पेट्रोल–डीजल की खपत घटाने, हरित परिवहन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने पेट्रोल–डीजल की खपत घटाने और कार पूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के साथ ही हरित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने का सामूहिक प्रण लिया।

(समाप्त)